# 25वें राष्ट्रीय लोकानुरंजन मेले की शुरुआत

## चर्चा में क्यों?

18 फरवरी, 2023 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शेर-ए-राजस्थान जयनारायण व्यास की जयंती पर प्रदेश के जोधपुर ज़िले के अशोक उद्यान में राजस्थान संगीत नाटक अकादमी द्वारा आयोजित 25 वें लोकानुरंजन मेले का उद्घाटन किया।

## प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य के मशहूर कलाविदों, लोक कलाकारों, साहित्यिक विभूतियों का ज़िक्र करते हुए सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण में उनकी अतुलनीय भूमिका की सराहना की।
- उन्होंने बताया कि राज्य सरकार लोक कलाकारों के कल्याण के लिये कार्य कर रही है। इसी दिशा में कलाकारों के लिये 100 करोड़ की धनराशि का प्रावधान किया गया है एवं इन कलाकारों को 100 दिन का कार्य उपलब्ध करवाकर मानदेय दिया जा रहा है।
- मुख्यमंत्री ने मशहूर कलाकारों और कला जगत के उत्थान के लिये समर्पित विभूतियों का स्मरण करते हुए बताया कि सरकार द्वारा इनके नाम से घोषित पुरस्कारों के लिये जोधपुर में फेस्टिवल आयोजित कर साहित्य पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे।
- उन्होंने कलाकारों को मारवाड़ और राजस्थान की थाती बताया, इनके माध्यम से आने वाली पीढ़ियों को लोक संस्कृति व परंपराओं के बारे में जानने-समझने तथा सीखने के अवसर मिलते हैं।
- मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में अकादमी की त्रैमासिक पत्रिका 'रंगयोग' के 29वें अंक का विमोचन भी किया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/25th-national-lokanuranjan-mela